प्रारुप–11

कार्य का नाम :– जनपद टिहरी गढ़वाल में राज्य योजना के अन्तर्गत खजरा बैंजवाड़ी मोटर मार्ग के कि0मी0 04 से आगे बरसीला पोथ मंजुली तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य (लम्बाई 4.00 कि0मी0)।

जनपद टिहरी गढ़वाल में राज्य योजना के अन्तर्गत **खजरा बैंजवाड़ी मोटर मार्ग के कि0मी0 04 से आगे बरसीला पोथ मंजुली तक मोटर मार्ग** निर्माण हेतु **4.00** कि0मी0 लम्बाई हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति संयुक्त सचिव उत्तराखण्ड़ शासन के पत्र सं0 6970 / ।।।(2) / 13–40(प्रा0आ0) / 2013 दिनांक 14.12.2013 से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति रू0 31.12 लाख की प्राप्त हुई है।

उक्त मार्ग के नव निर्माण हेतु समरेखण अधीक्षण अभियन्ता 8वां वृत्त लो0नि0वि0 नई टिहरी द्वारा उनके पत्रांक 8225 / 861सी0–8 / 2016 दिनांक 18.11.2016 से स्वीकृत है तथा संरेखण की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या वरिष्ठ भू–वैज्ञानिक विजय ड़ंगवाल कार्यालय प्रमुख अभियन्ता लो0नि0वि0 देहरादून दिनांक 03.06.2016 से प्राप्त है। उपरोक्त मार्ग के स्थल का संयुक्त निरीक्षण लो0नि0वि0 एवं वन विभाग मणिकनाथ रेंज ड़ांगचौरा एवं सम्बन्धित राजस्व उपनिरीक्षक व अन्य दावेदारों की ओर से प्रधान के साथ दिनांक 15.09.2016 में किये जाने के उपरान्त ही वन भूमि प्रस्ताव गठित किया गया है। वर्तमान में जिला मुख्यालय टिहरी जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 707–A में पहुंचने हेतु ग्राम वासियों को 4.00 कि0मी0 खजरा बैंजवाड़ी मोटर मार्ग से दुगड्ड़ा सौड़ पिपलीधार मोटर मार्ग से होते हुये 19 कि0मी0 की दूरी तय करनी पड़ती है। जिस कारण से लोगों को आवाजाही में समय अधिक लगता है, एवं अतिआवश्यक सेवाओं का लाभ उठाने में ग्राम वासियों को समय के साथ आर्थिक हानि भी होती है। साथ ही ग्रामवासियों के लोकल प्रोड़क्ट मार्केट में नहीं आ पाते है, और काश्तकारों को उनकी फसल का मोटर मार्ग उपलब्ध न होने के कारण लाभ नहीं मिल पाता है। इस मोटर मार्ग के बनने से जहां लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा वहीं राष्ट्र की सम्पन्नता में भी वृद्धि होगी। इसलिये उक्त मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है।

अतः उक्त मोटर मार्ग निर्माण हेतु प्रभावित होने वाली **1.7675** है0 आरक्षित वन भूमि, **0.1050** है0 सिविल वन भूमि, **0.00** है0 वन पंचायत भूमि, अर्थात कुल **1.8725** है0 वन भूमि तथा **0.9275** है0 नाप भूमि हेतु हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

19-1-19

सहायक अभियन्ता 21.1.19
अ0ख0 लो0नि0वि0 श्रीनगर
मु0 कीर्तिनगर।

अधिशासी अभियन्ता
अ0ख0 लो0नि0वि0 श्रीनगर
मु0 कीर्तिनगर।